राजस्थान सरकार

# कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान

## प्राविधिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान, जोधपुर

**W-6 , रेजिडेन्सी रोड़, जोधपुर (राजस्थान)**

क्रमांकः प.सं.7(11)/प्र–1/प्रवेश/2024/11615 दिनांकः 12.08.2024

## राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) में रिक्त रहे स्थानों पर प्रवेश सत्र :: 2024–25/26

डीजीटी भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 03.05.2024 के क्रम में प्रवेश सत्र 2024–25/26 हेतु प्रवेश अनुमति प्राप्त राज्य की राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में NCVT/SCVT योजनान्तर्गत विभिन्न व्यवसायों में रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु नवीनतम प्रवेश कार्यक्रम अनुसार प्रवेश पोर्टल के माध्यम से सीधे ही **संस्थान स्तर (Direct Admission)** पर प्रवेश लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थीयों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। प्रवेश हेतु निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगी–

| समस्त राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु संस्थान स्तर पर प्रवेश | | |
|---|---|---|
| 1 | अभ्यर्थी संबंधीत संस्थान से रिक्त स्थानों की सूचना प्राप्त कर राजस्थान सरकार के एकीकृत पोर्टल **sso.rajasthan.gov.in** अथवा **E-Mitra** कियोस्क के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन फार्म **(Direct Admission)** भरने की अन्तिम तिथि एवं समय। | 16.08.2024 से 28.08.2024 रात्रि 11.59 बजे तक |
| 2 | आवेदन पत्र (Direct Admission) का प्रिन्ट मय योग्यता संबंधी दस्तावेज यथा अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र इत्यादि की फोटो प्रति सहित संबंधीत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में व्यक्तिशः प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि एवं समय। | 29.08.2024 सायं 05.00 बजे तक |
| 3 | संस्थान में प्राप्त आवेदन पत्रों की संस्थान स्तर पर नियमानुसार मेरिट जारी कर नोटिस बोर्ड पर लगाने की तिथि। | 30.08.2024 सायं 05.00 बजे तक |
| 4 | संस्थान स्तर पर जारी मेरिट के आधार पर समस्त श्रेणी (आरक्षित क्षेणी को नियमानुसार वरीयता प्रदान करते हुए) के प्रवेश की दिनांक एवं समय। (अभ्यर्थी योग्यता संबंधी समस्त मूल दस्तावेजों एवं निर्धारित शुल्क की राशि के साथ संबंधीत संस्थान में उपस्थित होगें। प्रवेश होने पर यह राशि संबंधीत संस्थान में ही जमा होगी।)<br>नोटः महिला अभ्यर्थियों से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण शुल्क नहीं लिया जायेगा। | 31.08.2024 प्रातः 11.00 बजे से |

**महत्वपूर्ण बिन्दुः**

1. प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की आयु 01–09–2024 को 14 वर्ष या 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिये।
2. प्रवेश हेतु विभिन्न व्यवसायों की प्रवेश योग्यता 8 वीं, 10 वी, 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण है।
3. आवेदन/प्रोसेस का निर्धारित शुल्क एस.सी./एस.टी. अभ्यर्थी हेतु 175/– रूपये एवं अन्य अभ्यर्थी हेतु 200/– रूपये निर्धारित है।
4. अभ्यर्थी वेबसाईट लिंक http://hteapp.hte.rajasthan.gov.in/iti_admission/ का अवलोकन कर प्रवेश के लिए आवश्यक सूचनाओं की जानकारी प्राप्त कर ऑनलाईन आवेदन कर सकेगें।
5. विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश संबंधी विस्तृत सूचनाएं एवं प्रवेश विवरणिका विभाग की वेबसाईट https://dot.rajasthan.gov.in तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में भी उपलब्ध हैं।
6. **दिनांक 31.08.2024 को प्रवेश हुए अभ्यर्थियों को समस्त राजकीय/प्राईवेट संस्थान प्रधान द्वारा प्रवेश पोर्टल पर रिपोर्टिंग करने की अंतिम दिनांक 04.09.2024 है।**
7. **नियमित कक्षाएं दिनांक 02.09.2024 से प्रारम्भ होगी।**

RajKaj Ref
9704529

Signature Not Verified

Digitally signed by Narendra Kumar Gupta
Designation : Director
Date: 2024.08.12 12:51:45 IST
Reason: Approved

निदेशक शिक्षा

क्रमांकः प.सं.7(11)/प्र–1/प्रवेश/2024/11616–622 दिनांकः 12.08.2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निदेशक आरसीवीईटी, आरसीवीईटी, जोधपुर।
3. निदेशक (तकनीकी) एवं प्रभारी अधिकारी, hte Portal सूचना प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग, आई.टी. बिल्डिंग, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर– 302005 को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त नोटिफिकेशन के तहत राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु दिनांक 16.08.2024 से ऑनलाईन आवेदन फार्म (Direct Admission) की पोर्टल पर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित कराने का श्रम करावें।
4. अतिरिक्त निदेशक एवं सिस्टम एनालिस्ट, आरसीवीईटी, जोधपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त सूचना विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करावें।
5. निदेशक, राज्य शिक्षुता सलाहकार, प्रशिक्षण, बनीपार्क, जयपुर।
6. संयुक्त निदेशक, प्रशिक्षण, क्षेत्रीय कार्यालय, प्राविधिक शिक्षा, अजमेर/ बीकानेर/ भरतपुर/जयपुर/ जोधपुर/कोटा/उदयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि क्षेत्राधीन संस्थानों में शत–प्रतिशत प्रवेश हेतु आवश्यक प्रचार–प्रसार की कार्यवाही करावें।
7. आचार्य/अधीक्षक, राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को प्रेषित कर लेख है कि प्रवेश सूचना मय व्यवसायवार रिक्त स्थानों का विवरण नोटिस बोर्ड पर आवश्यक रूप से चस्पा करें तथा संस्थानों में शत–प्रतिशत प्रवेश हेतु आवश्यक प्रचार–प्रसार की कार्यवाही यथा 1– क्षैत्र के युवाओं को आईटीआई प्रशिक्षण करने के फायदे एवं रोजगार में व्यावसायिक प्रमाण पत्र की उपयोगिता इत्यादि के संबंध में जगरूकता अभियान चलाया जावें। 2– सोशियल मीडीया, प्रिन्ट मीडीया तथा स्थानिय समाचार पत्रों के माध्यम से विशेष जगरूकता अभियान चलाया जावें। 3– स्कूल प्राचार्य/प्रभारीयों से वार्ता कर स्कूल ड्रापआउट विद्यार्थी की सूची प्राप्त कर उन्हे आईटीआई प्रशिक्षण कराने हेतु प्रेरित किया जावें। 4– आईटीआई में प्रशिक्षण हेतु महिलाओं का नामांकन बढाने हेतु प्रिन्ट मीडीया तथा स्थानिय समाचार पत्रों के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जावें। जगरूकता अभियान में महिलाओं को राजकीय आईटीआई में निःशुल्क प्रशिक्षण का विशेष उल्लेख किया जावें।

कृपया उपरोक्त बिन्दुओं पर विशेष कार्यवाही कर आईटीआई में शत–प्रतिशत प्रवेश का लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करें तथा इस हेतु की गई कार्यवाही से क्षैत्रीय कार्यालय एवं निदेशालय को भी अवगत करावें। **दिनांक 31.08.2024 को प्रवेश हुए अभ्यर्थियों को समस्त राजकीय/प्राईवेट संस्थान प्रधान द्वारा प्रवेश पोर्टल पर रिपोर्टिंग करने की अंतिम दिनांक 04.09.2024 है।**

**निदेशक, प्रशिक्षण**

RajKaj Ref
9704529

Signature Not Verified

Digitally signed by Narendra Kumar Gupta
Designation : Director
Date: 2024.08.12 12:51:45 IST
Reason: Approved